**Title: Need for all-round development of the city of Agra.**

**प्रो. एस.पी.सिंह बघेल :** महोदय, आगरा मुगलकाल में हिन्दुस्तान की राजधानी रहा है। पर्यटन की दृटि से आज भी विश्वप्रसिद्ध ताजमहल, लालकिला, दयालबाग, एतमाउद्दौला एवं अकबर को टोम दर्शनीय इमारतें हैं। आगरा जनपद में ही फतहपुर सीकरी का बुलन्द दरवाजा एवं शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है। पड़ौसी जिला मथुरा धार्मिक दृटिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अतः पर्यटन की दृटि से आगरा भारत की पर्यटन राजधानी है। विश्व का कोई भी पर्यटक और राजनयिक यदि भारत आता है तो वह आगरा अवश्य आता है। अतः दक्षित भारत और मुम्बई की तरफ से आने और जाने वाली प्रत्येक रेलगाड़ी को आगरा मथुरा अवश्य रोका जाये तथा दिल्ली हावड़ा मार्ग की प्रत्येक रेलगाड़ी को टूण्डला जंक्शन पर रोका जाये, क्योंकि उस मार्ग का पर्यटक एवं यात्री टूण्डला उतरकर आगरा आता है। टूण्डला आगरा से रेलमार्ग एवं सड़क मार्ग से 22 किलोमीटर मात्र दूर है तथा पूर्व वार्ों से टूण्डला आगरा जनपद की ही एक तहसील थी। â€¦ (व्यवधान)

इसी प्रकार वायु यातायात के लिए आगरा में एक हवाई अड्डा है। पिछले 35 सालों से एक ही फ्लाइट दिल्ली आगरा, खजुराहो, बनारस दोनों तरफ से है। आगरा में अन्तर्राट्रीय हवाई अड्डा बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाये तथा घरेलू उड़ानों में आगरा को मुम्बई, कलकत्ता, जयपुर, चेन्नई, बंगलौर आदि शहरों से जोड़ा जाये। â€¦ (व्यवधान)

पर्यटन के अतिरिक्त चमड़ा उद्योग, जूता उद्योग, पेठा उद्योग, संगमरमर उद्योग, फाउण्ड्री उद्योग में आगरा का प्रथम स्थान है। पूरे देश में आगरा का व्यापारी जाता है तथा बाहर का व्यापारी आगरा आता है। उत्तरांचल बनने के बाद आगरा ही पश्चिम उत्तर प्रदेश का केन्द्र है। पश्चिम उत्तर प्रदेश परिमण्डल का भारत संचार निगम लिमिटेड के मुख्य महाप्रबन्धक का जो कार्यालय देहरादून था, उत्तरांचल में चले जाने के बाद उसे आगरा में खोला जाये तथा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय आगरा में खोला जाये। ताज ट्रिपेजियम के नाम पर आगरा का उद्योग पूरी तरह से चौपट हो गया है। आर्थिक रूप से बदहाली के कगार पर पहुंच गये इस शहर में हाईकोर्ट की खण्डपीठ खोली जाये, जिससे गरीब आदमी को सस्ता, सुलभ न्याय मिल सके।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि सभी विाय, जो मैंने उठाये हैं, केन्द्र सरकार से सम्बन्धित हैं। अतः आगरा, टूण्डला, मथुरा में सभी रेल रोकी जायें, डी.आर.एम. आफिस, क्षेत्रीय कार्यालय पासपोर्ट को आगरा में खोला जाये तथा आगरा में मुख्य महाप्रबन्धक, दूरसंचार पश्चिम उत्तर प्रदेश परिमंडल का कार्यालय खोला जाये तथा वे सभी उपाय किये जायें, जिससे आगरा के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

MR. CHAIRMAN : You asked for a chance to speak and you wanted to associate yourself with the views and now you are compelling the hon. Minister to answer this way.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I did not hear anything. What do you want?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No discrimination here. I do not see any discrimination here.

...(*Interruptions*)

SHRI HANNAN MOLLAH : Sir, you are selecting Members. What is this? ...(*Interruptions*) For fifteen days I have been giving notice to speak...(*Interruptions*) You can check that up...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri George, I called your name. You have given a big topic of minorities. How can you raise it in 'Zero Hour'. It is a big topic.

...(*Interruptions*)

SHRI K. FRANCIS GEORGE : It is an urgent issue...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The hon. Member should understand, how far the Government can respond.

...(*Interruptions*)